दिनांक–23.09.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से ई0 कुमार शैलेन्द्र, माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग की अध्यक्षता में पथ निर्माण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

उपस्थिति :–

1. श्री धमेन्द्र कुमार, भा०प्र०से०, अध्यक्ष, बि०रा०पु०नि०नि०लि०, बिहार, पटना।
2. श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन/मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. श्री बब्लु कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, B.S.R.D.C.L., बिहार, पटना।
4. श्री जितेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक, बि०रा०पु०नि०नि०लि०, बिहार, पटना।
5. श्री अनिल बसाक, भा०प्र०से०, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
6. श्री संजय भारती, मुख्य अभियंता, रा०उ०प० दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, पटना।
7. सभी संबंधित अभियंता, (मुख्यालय/क्षेत्रीय), बिहार, पटना।

बैठक में माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग द्वारा भागलपुर प्रमंडल अन्तर्गत पथ निर्माण विभाग/BRPNNL/BSRDCL/NH द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं (पुल/आर०ओ०बी० सहित) के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निम्नलिखित निदेश दिये गये :–

1. Construction Of ROB at Bridge No. 2 at Bhagalpur-Bounsi Railway Line in District of Bhagalpur (Pargati Yatra) :– समीक्षा के दौरान वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया कि भू–अर्जन एवं अतिक्रमण के कारण पुल कार्य की प्रगति धीमी गति से चल रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि अभी Foundation कार्य का लगभग 65% एवं Sub Structure 22% कार्य पूर्ण हुआ है, आगामी महीने में Foundation में अतिरिक्त 10%, Sub structure में अतिरिक्त 8% पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। BRPNNL के वरीय पदाधिकारियों द्वारा सुझाव दिया गया कि भू–अर्जन से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु सेवानिवृत भा०प्र०से० पदाधिकारी की नियुक्ति (IAS Officer appoint) किया जाना जिनका कार्य केवल भू–अर्जन के मामलों को देखना तथा संबंधित जिलाधिकारियों एवं जिला भू–अर्जन पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तीव्रता पूर्वक कार्य को निपटारा करना श्रेष्यकर होगा। पुल निर्माण निगम द्वारा इस दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

माननीय मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि दिये गये लक्ष्य के अनुसार कार्य को पूर्ण करने हेतु तथा जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर भू–अर्जन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए।

(अनुपालनः–वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, पु०नि०नि०लि०, भागलपुर)

2. Construction of Bridge and Ring road for Connectivity from NH-333(B) to Bihar School of Yoga, Munger in the District of Munger (Pargati Yatra):– समीक्षा के क्रम में वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया कि कार्य की प्रगति अच्छी है। प्रावधानित पहुँच पथ का कार्य भूमि उपलब्धता के अनुसार 1850 मीटर में पूर्ण कर लिया गया है। 1200 मीटर (4–लेन) पथांश में 300 मीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा Elevated पथांश में Pile foundation का कार्य पूर्ण कर

लिया गया है। भूमि अधिग्रहण का कार्य प्रक्रियाधीन है। गंगा नदी के जलस्तर बढ़ जाने के कारण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई है। निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्य में अपेक्षित प्रगति लाकर ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः– वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, पु०नि०नि०लि०, मुंगेर)

3. **Construction of ROB at Railway Bridge No. 152 & Railway Bridge No. 01 in 3rd Km. Of S.M College to Mirazanhat Road in Bhagalpur District** :– समीक्षा के दौरान वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया कि Foundation का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। Sub structure का निर्माण भी लगभग पूर्ण है तथा Super Structure के निर्माण में कतिपय स्थानों पर भू–अर्जन की आवश्यकता है जिस संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इस संदर्भ में वरीय परियोजना अभियंता द्वारा यह भी बताया गया कि Super Structure के Girder Launching के लिए Conventional Method का उपयोग करने से कार्यस्थल के अनुसार सुविधा होगी जिसके लिए DRM मालदा एवं GM हावड़ा से अनापत्ति/स्वीकृति की आवश्यकता होगी।

माननीय मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य को ससमय पूर्ण किया जाए।

(अनुपालनः– वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, पु०नि०नि०लि०, भागलपुर)।

4. **Construction of H.L RCC Bridge (6x18.00m) over Darbhasan river at Chainage-75.85 Sultanganj-Tarapur-Belhar-katoriya-Chandan-Dardmara road, SH-22 Under RIDF-xxvii(NABARD)** :– कार्य की समीक्षा के दौरान वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया कि 6–Span के कार्य में कुल 5–Span का कार्य करा लिया गया है। 1–स्पैन का कार्य माननीय उच्च न्यायलय द्वारा Stay रहने के कारण निर्माण कार्य विलंब से हुआ है। वर्तमान में न्यायालय द्वारा कार्य कराने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। निर्माण कार्य एक सप्ताह के अंदर प्रारंभ कर दिया जाएगा तथा 31 मार्च 2027 तक कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। माननीय मंत्री द्वारा उपरोक्त समय में कार्य को सुनिश्चित रूप से पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः– वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, पु०नि०नि०लि०, भागलपुर)।

5. **Construction of HL. RCC Bridge Span (26x24m) over river barnar in 2nd km of Sono-Charka-Pathar road in the district of Jamui.** :– समीक्षा के दौरान वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया कि पुल अन्तर्गत 26 स्पैन है जिसका का कार्य प्रक्रियाधीन है। निदेश दिया गया कि पुल के निर्माण कार्य को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाए।

(अनुपालनः–वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, बि०रा०पु०नि०नि०लि०, जमुई)।

6. **Construction of H.l RCC Bridge (6x21.00m) in 6th km of Dominia chowk to Babupur via Bakharpur in Pirpainti Block in district of Bhagalpur.**:– वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया है कि वर्तमान में कार्यस्थल पर बाढ़ का पानी जमा है। नवम्बर महीने से कार्य प्रारंभ किया

जाएगा। निदेश दिया गया कि बाढ़ का पानी कम होते ही कार्य प्रारम्भ कर निर्धारित अवधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(अनुपालनः–वरीय परियोजना अभियंता, कार्य प्रमंडल, बि०रा०पु०नि०नि०लि०, भागलपुर)।

7. **Construction of H.L RCC Bridge (8x21.00m) of Jamalpur G.N Bandh to Jhauwa BahiyarPur Gogari Bandh Road (Ch-12+890) Distt Munger.:–** वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया है कि कार्यस्थल पर गंगा नदी के Flood क्षेत्र में रहने के कारण वर्तमान में निर्माण कार्य संभव नहीं है, जलस्तर सामान्य होने पर इसमें कार्य प्रारम्भ की जाएगी। मुख्य अभियंता सीमांचल द्वारा माननीय मंत्री को बताया गया कि इस पथ को भी 1 से 2 मीटर Raise करते हुए पथ निर्माण की आवश्यकता है। निदेश दिया गया कि कार्य स्थल निरीक्षण करते हुए आवश्यकता के अनुरूप प्राक्कलन गठित कर विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

(अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, खगड़िया / मुख्य अभियंता सीमांचल)।

8. **Construction of HL RCC Bridge (12X24m) in Sultanganj to Dhumma Kanwariya Road over Badua River in Banka Distt. 40 m upstream of the existing damage bridge.:–** वरीय परियोजना अभियंता द्वारा बताया गया कि 3 पीयर का कार्य मुख्यतः शेष है। गंगा नदी के जलस्तर में कमी आने के उपरांत कार्य में तेजी आएगी तथा कार्य को 30.04.2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। निदेशित किया गया कि कार्य को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करा लिया जाय।

9. **Construction of 4 Lane Elevated/At Grade Ganga Path Connecting Munger (Safiabad)-Bariyarpur-Ghorahat-Sultanganj On HAM :–** मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बताया गया है कि परियोजना अन्तर्गत भू–अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर LRP(Land Requisition Plan) लगभग पूर्ण कर लिया गया है। कतिपय विभागों से अनापत्ति–प्रमाण पत्र प्रक्रियाधीन है। मुख्य महाप्रबंधक द्वारा यह भी बताया की पथ के Alignment में Geo-magnetic Dolphin Core क्षेत्र रहने के कारण Wildlife से अनुमति ली जानी है। Design & Drawing संबंधित Concessionaire द्वारा किया जाना है। Soil Data Collect किया गया है एवं Design & Drawing अंतिम चरण में है।

माननीय मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि सभी संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य में प्रगति लाया जाय।

(अनुपालनः–उप महाप्रबंधक (तकनीकी), पथ विकास निगम, मुंगेर)।

10.Construction of 4 Lane Elevated/At Grade Ganga Path Connecting Sultanganj Bhagalpur Sabour On HAM :– मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बताया गया है कि योजना का कार्य अभी प्रारंभ नही हुआ है। Wildlife, IWAI, National Mission for Clean Ganga (NMCG) जल संसाधन विभाग से Stage-2 अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रतीक्षारत है। पथ का आरेखन

Mathematical Modelling का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। माह जनवरी 2027 से कार्य प्रा. करने का लक्ष्य है।

माननीय मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि सभी संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य में प्रगति लाया जाय।

(अनुपालनः– उप महाप्रबंधक (तकनीकी), पथ विकास निगम, भागलपुर)

11. Construction of Dhoraiya-English More-Asarganj Road in the State of Bihar under Civil Work Contract Package No. BSHP-IV, Phase-1/PKG-4.– मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बताया गया है कि पथ का Alignment वन क्षेत्र में होकर गुजरती है। जिसके कारण वन विभाग द्वारा 129 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। भूमि हस्तांतरण प्रक्रियाधीन है। स्थानीय जनजातियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाता है। जिसके कारण निर्माण कार्य बाधित हो रहा है।

माननीय मंत्री द्वारा जिला पदाधिकारी, बांका एवं DFO से समन्वय स्थापति कर कार्य में तीव्रता से पूर्ण करने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालनः– उप महाप्रबंधक (तकनीकी), पथ विकास निगम, भागलपुर, बांका, मुंगेर)

12.पथ प्रमंडल बाँका अन्तर्गत अमरपुर बाईपास:– कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति यात्रा के क्रम में अनुमोदन किया गया था। पथ का Alignment लगभग 3 कि०मी० Green Field से होकर गुजरता है, जिसमें की भू–अर्जन की आवश्यकता है। 11 मौजा में से 9 मौजा का दर अनुमोदित बाकी है।

माननीय मंत्री द्वारा जिलाधिकारी बाँका से दूरभाष से वार्ता की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि अधिग्रहण प्राक्कलन भेजने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही गई। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया की जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर तीव्रता पूर्वक कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालनः– उप महाप्रबंधक (तकनीकी), पथ विकास निगम, बांका)

- सुलतानगंज कच्ची कांवरिया पथः– माननीय मंत्री द्वारा पथ के किनारे कांवरियों के लिए पक्के विश्राम गृह एवं शौचालय बनाने के संबंध में नए प्रस्ताव का प्राक्कलन के गठन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया।

(अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, भागलपुर, बांका,)

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

ह०/–
अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–मु०अ०(अनु०)विविध (समीक्षा/जाँच)–34/2024-7046(E) पटना, दिनांक 5/10/2026

प्रतिलिपि:–अध्यक्ष, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि०/मुख्य अभियंता, सीमांचल/दक्षिण/मुख्य अभियंता, रा०उ०प०, दक्षिण/प्रबंध निदेशक, BRPNNL/मुख्य महाप्रबंधक, BSRDCL/वरीय परियोजना अभियंता, भागलपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बाँका/मुंगेर/दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, रा०उ०प० प्रमंडल, दरभंगा/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
05.10.26